राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

बुधवार • 19 दिसम्बर • 2018

पीतमपुरा के एक स्कूल में मंगलवार को बच्चों के नर्सरी एडमिशन के लिए फार्म भरते अभिभावक। फोटो : एसएनबी

नेबरहुड क्राईटेरिया पर एक मानक तय करें शिक्षा निदेशक

स्कूल अपना रहे अलग-अलग फॉर्मूला

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

राजधानी में पब्लिक स्कूल में चल रही नर्सरी दाखिला प्रक्रिया के तहत नेबरहुड क्राइटेरिया को लेकर अलग-अलग फॉर्मूला को अपनाया जा रहा है। कोई स्कूल गूगल मैप से नेबरहुड के अंक दे रहा है तो कोई स्कूल बस रूट के हिसाब से भी नेबरहुड के अंक तय कर रहा है। इस मामले में एडमिशन नर्सरी डॉटकॉम ने शिक्षा निदेशक से नेबरहुड को लेकर एक मानक तय करने की मांग उठाई है।

बता दें कि पब्लिक स्कूल नर्सरी दाखिला प्रक्रिया के तहत सबसे ज्यादा अंक होते हैं। नेबरहुड ही एक मात्र क्राइटेरिया है, जिससे छात्र के सबसे ज्यादा अंक बनते हैं और इसके आधार पर कुछ अन्य मानको के अंक मिलने के बाद छात्रों को अत्याधिक अंक बनने से मेरिट लिस्ट में नाम आ जाता है। स्कूलों में नेबरहुड को लेकर 30 से लेकर 80 तक के अंक रहते हैं। कुछ स्कूल कॉलोनियों के नाम पर भी अंक तय किए हुए हैं। एडमिशन नर्सरी डॉटकॉम के प्रमुख सुमित वोहरा का कहना है कि नेबरहुड को लेकर एक ही तरीके से अंक दिए जाने चाहिए, लेकिन कुछ स्कूल अलग-अलग तरीकों से अंक तय किए हुए हैं। इस मामले में शिक्षा निदेशक से मांग है कि वह एक गाइडलाइंस जारी करें कि किसी तरह से नेबरहुड के अंक तय करने हैं। उन्होंने कहा कि गूगल मैप के जरिए कुछ कॉलोनी स्कूल से दूर होती हैं जबकि इलाका स्कूल के पास होता है। वोहरा ने कहा कि इससे अभिभावक परेशान है कि अलग-अलग स्कूलों में अंक अलग मिलेंगे।

नर्सरी दाखिला 2019-20

नेबरहुड ही एक मात्र क्राईटेरिया है, जिससे छात्र के सबसे ज्यादा अंक बनते हैं

चौथे दिन अभिभावक फॉर्म भरने पहुंचे स्कूल : राजधानी के पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले को लेकर जारी आवेदन प्रक्रिया के तहत मंगलवार को चौथा दिन था। चौथे जहां स्कूलों में अभिभावक फॉर्म लेने पहुंचे थे, वहीं कई फॉर्म भरने में भी लगे रहे। ठिठुरती ठंड में सुबह अपने-अपने साधनों से अभिभावकों ने स्कूल के गेट पर दस्तक दी। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में अभिभावकों के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षकों को फॉर्म भरने व सहायता के लिए लगाया हुआ था। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ रूमा पाठक ने बताया कि स्कूल में चौथे दिन 250 अभिभावक फॉर्म ले गए हैं। अब अभिभावक फॉर्म भरकर जमा भी करने लगे हैं। स्कूल में करीब 90 फॉर्म जमा हो चुके हैं। स्कूल नर्सरी की कुल 80 सीटें हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 7 जनवरी है।

दाखिले के लिए आधार मांग रहे, शिक्षा निदेशक को हुई शिकायत : नर्सरी दाखिले को लेकर स्कूल आधार कार्ड भी मांग रहे हैं। एडमिशन नर्सरी डॉटकॉम के प्रमुख सुमित वोहरा ने कहा कि शिक्षा निदेशालय की ओर से आधार कार्ड को लेकर स्थिति स्पष्ट नही है। इस मामले में शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर आधार कार्ड को लेकर निर्देश जारी करने की मांग की है।

rakesh.nath.rs@gmail.com